\

महाविद्यालय आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

सत्र 2024-25

दिनांक 07 दिसंबर 2024

कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर की आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की सत्र 2024-25 की प्रथम त्रैमासिक बैठक दिनांक 07 दिसंबर 2024 को संपन्न हुई । उक्त बैठक में सर्वप्रथम महाविद्यालय की नवनियुक्त प्राचार्य प्रो. अनीता रानी राठौर द्वारा समस्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस क्रम में सर्वप्रथम उन्होंने शासन प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर मोनिका सिंह,अकादमिक प्रतिनिधि प्रोफेसर राजीव नयन ,रामानुजन कॉलेज ,दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रोफेसर अखिलेश मिश्रा एस.डी पी.जी कॉलेज गाजियाबाद एवं प्रोफेसर पारुल सक्सेना शारदा यूनिवर्सिटी एवं इंडस्ट्री प्रतिनिधि के रूप में श्री आदित्य घिल्डियाल, न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर ग्रेटर नोएडा ऑनलाइन माध्यम से जुड़े डॉक्टर जितेंद्र गुप्ता अपोलो अस्पताल , जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान बादलपुर, अभिभावक गण, महाविद्यालय की पुरातन एवं वर्तमान छात्र प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया एवं उक्त बैठक के उद्देश्यों से सभी को परिचित कराया गया। तत्पश्चात IQAC प्रभारी प्रोफेसर दीप्ति वाजपेयी द्वारा सदन के सम्मुख विगत बैठक में निर्धारित किए गए एजेंडा की एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसी क्रम में प्रकोष्ठ सदस्य डॉक्टर अरविंद यादव द्वारा बाह्य एवं आंतरिक एकेडमिक ऑडिट की रिपोर्ट एवं प्रोफेसर शिवानी वर्मा द्वारा पोषण सप्ताह एवं नवाचार काउंसिल के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों का सूक्ष्म विवरण दिया गया । इसके बाद प्रोफेसर दीप्ति वाजपेयी प्रभारी IQAC द्वारा उपरोक्त आख्या को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों जैसे कि दीक्षारंभ कार्यक्रम, क्रिस्प संस्था के साथ की गई NAAC विषयक कार्यशाला , नशा मुक्त भारत , एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता सेवा कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस ,अध्ययन भ्रमण ,तरुण सभा ,साहित्यिक सांस्कृतिक सप्ताह, फ्रेशर पार्टी ,निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर इत्यादि अनेकों गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया एवं अगले त्रैमासिक सत्र के एजेंडे से सभी को परिचित कराया गया इसके पश्चात उपस्थित गणमान्य जनों से महाविद्यालय के उन्नयन हेतु सुझाव आमंत्रित किए तथा महाविद्यालय की उपलब्धियों की पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की गयी। सदन द्वारा उक्त गतिविधियों की करतल ध्वनि से प्रशंसा की गई तथा विभिन्न सुझाव दिए जैसे की नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों एवं वर्तमान परिदृश्य के बीच में उपस्थित अंतराल को भरने हेतु विभिन्न फैकल्टी कैपेसिटी डेवलपमेंट कार्यशालाओं एवं पोक्सो एवं साइबर बुलिंग संबंधी कार्यशालाओं का आयोजन, महाविद्यालय के स्टार पुरातन छात्राओं की पहचान करना एवं उनका विभिन्न रोजगार परक कार्यशाला में अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया जाना। IPR CIPAM संबंधी कार्यशाला एवं CSR प्रपोजल का भेजा जाना इत्यादि शामिल रहे। बैठक में ऑनलाइन मोड में जुड़ी वक्ता प्रियंका तिवारी द्वारा नेशनल फैशन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं 3D एनीमेशन संबंधी नि:शुल्क स्किल कोर्स की भी जानकारी दी गई एवं उन्हे महाविद्यालय में प्रारंभ करने हेतु विभिन्न आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय की पुरातन छात्राओं द्वारा महाविद्यालय में छात्रावास की कमी को छात्राओं के अध्ययन में एक बड़ी बाधा के रूप में बताया गया एवं प्राचार्य द्वारा जल्द ही महाविद्यालय में छात्रावास के बनाए जाने हेतु छात्राओं को आश्वस्त किया गया।

उक्त द्विपक्षीय चर्चा के बाद महाविद्यालय के IQAC सदस्य प्रोफेसर किशोर कुमार द्वारा उक्त बैठक में सम्मिलित समस्त सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया ।

उक्त बैठक के आयोजन में आइक्यूएसी के समस्त आंतरिक पदाधिकारीगण प्रोफेसर दिनेश चंद्र शर्मा, प्रोफेसर किशोर कुमार ,प्रोफेसर शिवानी वर्मा ,डॉ नेहा त्रिपाठी, लेफ्टिनेंट डॉ मीनाक्षी लोहानी ,डॉ अरविंद कुमार यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं सभी के सहयोग एवं प्रयासों से उक्त बैठक अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल रही ।

प्रो. अनीता रानी राठौर
प्राचार्य

प्रोफेसर दीप्ति वाजपेयी
IQAC प्रभारी